आदर्श प्रश्नपत्र

Subject:- वैदिक अध्ययन　　Maximum Marks : 80

Class- 12th　　Time Allowed: 3.00 Hours

भाग–क　　**अपठित गद्यांश**

1.निम्नलिखित गद्यांश को पढकर नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर दीजिए:　　2x4=8 अंक

शुल्बसूत्रों में यज्ञों की वेदियों के निर्माण की रीतियां , माप तथा गणनाएं बतायी गयीं हैं। इनसे प्राचीनकाल की रेखागणित, ज्यामिति और अंकगणितादि का बोध होता है। शुल्ब शब्द का अर्थ है मापना। इस तरह शुल्बसूत्र का अर्थ है मापने के कार्य से सम्बन्ध रखने वाला सूत्र। यज्ञशाला, यज्ञवेदी तथा यज्ञकुण्ड के निर्माण के लिए माप अत्यन्त आवश्यक थे। उपलब्ध शुल्बसूत्रों की संख्या सात है।

क. शुल्ब शब्द का क्या अर्थ है?

ख. शुल्बसूत्र क्या है?

ग. शुल्बसूत्रों का उपयोग किस लिए होता था?

घ. वर्तमान समय में कितने शुल्बसूत्र उपलब्ध हैं?

भाग–ख　　**रचनात्मक प्रश्न**

2.निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए:　　4x4=16 अंक

क. ऋग्वेद में उल्लिखित तीनों लोकों का परिचय दीजिए।

ख. पुराणों का वेदों से क्या संबंध है? स्पष्ट कीजिए।

ग. शिक्षा वेदांग का परिचय लिखिए।

घ. मातृभूमि किसे कहते हैं? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

ङ. उपवेदों की संख्या लिखते हुए उनके नाम भी लिखिए?

च. गान्धर्ववेद का सामान्य परिचय दीजिए।

छ. निरुक्त का संक्षिप्त परिचय लिखिए।

3.निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 2x4=8 अंक

क. किन्हीं चार स्मृतियों के नाम लिखिए।

ख. चार आश्रमों के नाम लिखिए।

ग. कल्पसूत्र किसे कहते है?

घ. किन्हीं दो श्रौतसूत्रों के नाम लिखिए।

ङ. वेद शब्द का अर्थ लिखिए?

च. वेदांग शब्द का अर्थ लिखिए।

3.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 3x3=9 अंक

क. वेदों में जिन सात छन्दों का प्रयोग हुआ है उनके नाम लिखिए।

ख. यास्क के निरुक्त में कितने अध्याय एवं काण्ड हैं? स्पष्ट कीजिए।

ग. वैदिक साहित्य के अनुसार पंचजन पर टिप्पणी लिखिए।

घ. अठारह महापुराणों के नाम लिखिए।

ङ. वृक्षों एवं वनस्पतियों के सम्बन्ध में वेदों में क्या कहा गया है?

च. मनुस्मृति का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

भाग- ग **पठित अवबोध**

4.निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 5x3=15 अंक

क. रामायण के उत्तरकाण्ड की कथा अपने शब्दों में लिखिए।

ख. महाभारत के आदिपर्व की कथा पर प्रकाश डालिए।

ग. मातृभूमि से क्या अभिप्राय है? उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए।

घ. स्मृति शब्द की व्याख्या करते हुए प्रमुख स्मृतियों के नाम लिखिए।

ङ. पुराण शब्द का अर्थ लिखते हुए किसी एक पुराण का परिचय दीजिए।

च. रामायण का संक्षिप्त परिचय दीजिए ।

5.निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 4x4=16 अंक

क. पाप एवं पुण्य का विवेचन कीजिए।

ख. ज्योतिषशास्त्र का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

ग. सोमयज्ञ क्या है? स्पष्ट कीजिए।

घ. वायु के स्वरूप का वर्णन कीजिए।

ङ. ऋत शब्द का विवेचन कीजिए।

च. आत्मा की अमरता को वैदिक आधार पर सिद्ध कीजिए ।

5.सभी **वस्तुनिष्ठ** प्रश्नों के उत्तर दीजिए: 1x8=8 अंक

क. रामायण के कितने काण्ड हैं? चार/ छः / सात

ख. वेदांग कितने है? दस/ पांच /छः

ग. सृष्टि कितने प्रकार की है? चार/ छः / सात

घ. गायत्री छन्द में कितने अक्षर होते हैं? बीस/ चौबीस/ तीस

ङ. महाभारत में कितने काण्ड हैं? दस/ बारह/ अठारह

च. धनुर्वेद किस वेद का उपवेद है? ऋग्वेद/ सामवेद/ यजुर्वेद

छ. मुहूर्त कितने मिनट का होता है? पचास/ अडतालीस / छः

ज. वेदांग ज्योतिष किसकी रचना है? लगध/ बाण/ हर्ष